कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा

E-mail:- csalmdfo@rediffmail.com Phone/Fax :- (05962) 230229

पत्रांक 4038 / 12-1 दिनांक, 16/04/ 2018

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
अल्मोड़ा।

विषय :– जनपद अल्मोड़ा में स्वदेश दर्शन हैरिटेज सर्किट के अन्तर्गत कोटली गन्धक में पांर्किग निर्माण (प्रस्ताव सं0 29590/2017)।

संदर्भ :– आनलाईन प्राप्त प्रस्ताव।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित आनलाईन प्राप्त प्रस्ताव के क्रम में अनुरोध है कि उक्त विषयक प्रकरण में लगाई गयी आपत्ति का निराकरण कर प्रतिउत्तर निम्नानुसार आनलाईन महोदय की सेवा में प्रेषित की जा रही है।

क0 सं0	आपत्ति	निराकरण
1	In reply to point No.01, State Government may submit the justification for locating parking area in forest land instead of only providing benefits duly authenticated by DFO.	प्रस्तावित भूमि वन पंचायत की है तथा भूमि पर पेड़ नहीं है, यह स्थान मुख्य मार्ग से लगा हुआ है। जागेश्वर मन्दिर समूह व दण्डेश्वर मन्दिर निकटतम दूरी पर हैं तथा जागेश्वर धाम जाने वाली सड़क मात्र 5 मी0 चौड़ी होने के कारण इस सड़क पर ग्रीष्म, श्रावण मास एवम् आटम पर्यटन सीजन में अत्यधिक वाहनों के दबाव के कारण जाम जैसी समस्या रहती है। जिस कारण पर्यटकों/श्रद्धालुओं को असुविधा होती है तथा जागेश्वर धाम में ए0एस0आई0 प्रतिषिद्ध क्षेत्र के बाहर छोटी–छोटी दो पॉकेट पार्किंग हैं जो मुख्यतः अति विशिष्ट एवम् वशिष्ट राज्य अतिथियों की पार्किंग हेतु ही हो पाती है, तथा अन्य गाड़ियॉ अव्यवस्थित तरह से सड़क के किनारे खड़ी कर दी जाती है। इस समस्या को देखते हुए तथा पर्यटकों एवम् स्थनीय श्रद्धालुओं के वाहनों हेतु पार्किंग की नितान्त आवश्यकता है। इसके क्रियान्वयन व भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना में हैरिटेज मन्दिरों में पर्यटन सुविधा के अन्तर्गत जागेश्वर में कार पार्किंग स्वीकृत की गयी है। वर्तमान के ट्रैफिक एवम् भविष्य में बढ़ने वाले ट्रैफिक को देखते हुए आरतोला के अतिरिक्त कोई उपयुक्त स्थान नहीं है, इस स्थल पर पेड़ भी नहीं है तथा गाड़ियों को मोडने हेतु भी पर्याप्त चौड़ाई है। जिस हेतु वन पंचायत की भूमि में पार्किंग का निर्णय लिया गया। प्रस्तावित भूमि में वानिकी कार्य नहीं किया जा सकता है। नीचे की तरफ नाला व देवदार वन पड़ता है। वन पंचायत की 0.1513 है0 भूमि जो चयनित है। वह पांर्किग के लिए अतिउत्तम है। जिसमें देश–विदेश के पर्यटकों को आवगमन की सुविधा बनी रहेगी।

अतः सूचनार्थ महोदय की सेवा में प्रेषित।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
सिविल एवं सोयम वन प्रभाग,
अल्मोडा।